तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बाबू लाल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या– ऑनलाईन अपील संख्या 353610483598364	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16/12/2024	अपीलार्थी बाबू लाल निवासी खुदों का बास, गांव उचलिवास, पोस्ट डोली, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 15.10.2024 में वर्णित बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किये गये। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष उपस्थित, अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2231 दिनांक 10.12.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना राज्य लोक सूचना अधिकारी, कृषि विभाग, जोधपुर से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत पत्रांक 2163 दिनांक 28.10.2024 द्वारा राज्य लोक सूचना अधिकारी, कृषि विभाग, जोधपुर को अंतरित की गई, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठांकित की गई। चूंकि अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुत अपील में चाही गई सूचना अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कृषि विभाग से संबंधित होने के कारण प्रार्थना पत्र राज्य लोक सूचना अधिकारी, कृषि विभाग, जोधपुर को अंतरित/स्थानान्तरित कर दिया गया। अतः राज्य लोक सूचना अधिकारी, कृषि विभाग, जोधपुर द्वारा सूचना नही दी गई तो प्रार्थी उनके प्रथम अपील अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.16 15:16:38 IST
Reason: Approved

f No.: 12458316